# 'गलताजी अनादि काल से रही है रामानुज संप्रदाय की पीठ'

## श्री वैष्णव मंडल जयपुर के पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर बयान जारी किया

**जयपुर** (कासं)। श्री वैष्णव मंडल जयपुर की ओर से रविवार को प्रेस वार्ता करके कहा गया कि सनातन परंपराओं में श्रीगलता पीठ अनादि काल से श्रीरामानुज संप्रदाय की सर्वमान्य पीठ रही है। यहां पर रामानुज संप्रदाय की परंपराओं के अनुसार ही पूजा-पाठ किया जा रहा है। निहित स्वार्थवश कतिपय लोग भ्रम की स्थिति बनाकर इस पीठ को हड़पने की कुचेष्टा कर रहे है। यह संयुक्त बयान मंडल अध्यक्ष डॉ. लीला पुरुषोत्तम शर्मा, सचिव रमेश चंद्र शर्मा, डॉ. नवल अग्रवाल तथा रामानुज डेरेवाला ने जारी किया।

उन्होंने कहा कि श्रीवैष्णव मंडल ने राज्य सरकार से श्री रामानुज संप्रदाय की इस अनादि काल से चली आ रही पीठ को परम्परागत रूप से पूजा पाठ जारी रखने एवं श्रीरामानुज संप्रदाय की समस्त परंपराओं का निर्वहन करने का आग्रह किया है।

डॉ. लीला पुरुषोत्तम शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, डॉ. नवल अग्रवाल तथा श्री रामानुज डेरेवाला ने संयुक्त बयान देकर स्पष्ट किया कि श्रीगलताजी की पीठ पवित्र एवं वैदिक सनातनी परंपराओं के आधार पर अनादि काल से चली आ रही है। उन्होंने कुछ तत्वों द्वारा राजनीतिक प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए श्रीगलताजी को रामानंदी शाखा को सौंपने के लिए डाले जा रहे अनुचित दबाव को धार्मिक परंपराओं के विरुद्ध बताते हुए स्पष्ट किया कि यह पीठ श्रीरामानुज संप्रदाय की ही है। इस प्रकरण में न्यायिक प्रक्रिया चल रही है एवं न्यायिक प्रक्रिया के अनुसार ही इसका समाधान किया जाना उचित रहेगा, उन्होंने स्वार्थी तत्वों द्वारा जनसाधारण में निर्दयता उत्पन्न की जा रही भ्रम की स्थितियों को अनुचित बताया।



जयपुर के गलता तीर्थ स्थल को लेकर रविवार को श्री वैष्णव मंडल जयपुर के पदाधिकारियों ने पत्रकारों से बातचीत की।

■ मंडल अध्यक्ष डॉ. लीला पुरुषोत्तम शर्मा, सचिव रमेश चंद्र शर्मा, डॉ. नवल अग्रवाल तथा रामानुज डेरेवाला ने कहा कि, कुछ तत्वों द्वारा राजनीतिक प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए श्रीगलताजी को रामानंदी शाखा को सौंपने के लिए अनुचित दबाव डाला जा रहा है, जो कि धार्मिक परंपराओं के विरुद्ध हैं। गलता पीठ श्रीरामानुज संप्रदाय की ही है।''

रामानुज डेरेवाला ने कहा कि श्रीवैष्णव मंडल जयपुर एक रजिस्टर्ड संस्था है एवं श्रीरामानुजाचार्य के लोक कल्याण एवं वैदिक सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार के साथ ही रामानुज संप्रदाय की पीठ एवं मंदिरों में परंपरागत रूप से उत्सव एवं नित्य पूजा आराधना के कार्य में सहयोग कर रहा है। साथ ही रामानुज संप्रदाय के सिद्धांतों के संवर्द्धन के लिए गलता पीठ में संचालित वेद विद्यालय को भी संरक्षण प्रदान कर रहा है।

श्री वैष्णव मंडल रामानुज संप्रदाय की परंपराओं एवं श्रीतिरुपति आदि दिव्य उत्सवों एवं दैनिक पूजा-अर्चना का निर्वहन करवाने के दायित्व का भी निर्वहन कर रहा है।

श्री वैष्णव मंडल अध्यक्ष डॉक्टर लीला पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि विगत कुछ माह से गलता पीठ का प्रबंध प्रशासन द्वारा संभाल गया है, लेकिन दुर्भाग्य से पुजारी एवं अर्चकों को वेतन भी नहीं दिया जा रहा। इसके अभाव में श्री वैष्णव मंडल पुजारी एवं अर्चकों की प्रार्थना पर कर्मचारियों को जीवन निर्वाह के लिए उनके खातों में चेक द्वारा समय-समय पर राशि जमा करवा रहा है। इसके अतिरिक्त संप्रदाय के विशेष उत्सव जैसे श्री गोदांबा अवतार उत्सव, पांच दिवसीय श्री पवित्र उत्सव एवं सप्त दिवसीय ब्रह्मोत्सव आदि आयोजन में भी श्री वैष्णव मंडल सहयोग कर रहा है। महिला मंडल की गायत्री देवी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर श्री वैष्णव मंडल के साधक गण एवं साधिकाएं भी मौजूद थी।

## हनीट्रैप में फंसाकर युवक से 7.50 लाख रुपए ऐंठे

**जयपुर** (कासं)। मालपुरा गेट इलाके में एक युवक को हनीट्रैप में फंसाकर 7.50 लाख रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवती ने दोस्ती होने पर शादी करने को बोलकर शारीरिक संबंध बनाए और फिर झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। इसके चलते थाने में पीड़ित युवक ने आरोपी युवती सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि मालपुरा गेट निवासी एक युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि जून-2024 में स्पा सेंटर में मुलाकात के बाद दोनों में बातचीत के दौरान दोस्ती हो गई। उसके बाद मोबाइल कॉल पर बातचीत के साथ मिलना-जुलना शुरू हो गया। आरोप है कि आरोपी युवती ने शादी करने की बोल कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने बातों के जाल में फंसाकर अलग-अलग कारण बताकर रुपए लेती रही।

आरोपी युवती ने झांसा देकर करीब 7.50 लाख रुपए ऐंठ लिए। उसके बाद एक लाख रुपए की डिमांड करने लगी। रुपए देने से मना करने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। आरोपी युवती के दो परिचित भी हनीट्रैप में फंसाने की कहकर उसको धमकाने लगे। इससे परेशान होकर पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## सार-समाचार

### जरूरतमंद 100 बच्चों को स्कूल बैग बांटे




**जयपुर** (कासं)। राजकीय सिन्धी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, जवाहर नगर, जयपुर में जरूरतमन्द 100 बच्चों को स्कूल बैग ए.आर. वेल्फेयर फाउंडेशन, की ओर से वितरित किए गये। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाक्टर वी.के.पाण्डेय, अध्यक्षता ए.आर.खान, पूर्व आई.ए.एस, द्वारा की गई तथा कँवल जीत सिंह, डाक्टर चन्दना, सतीश परिक, रणवीर सिंह, लेखराज ने भाग लिया। फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष सरकारी स्कूल के जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग, ड्रैस और स्वेटर वितरित किए जाते हैं।

### शिविर में 53 यूनिट रक्त एकत्रित



**जयपुर**। विद्याधर नगर में श्री श्याम महोत्सव सेवा समिति द्वारा रक्तदाताओं को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष ओमप्रकाश मोदी ने बताया कि हर माह के चौथे रविवार को यह शिविर आयोजित किया जाता है। शिविर में नवंबर माह में जिनके जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ आते है उनको आमंत्रित करके म्यूजिकल रक्तदान का आयोजन किया जाता है। समिति के डॉ. सुनील धायल ने रक्तदान की महता के बारे में बताया और आग्रह किया कि रक्त की कमी को दूर करने के लिए सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए एवं स्वयं या किसी को प्रेरित कर के रक्तदान कराकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाना चाहिए। रक्तदान शिविर में 53 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर में रक्त संग्रहण अग्रसेन ब्लड बैंक द्वारा किया गया।

### रंगीला महादेव मंदिर में अन्नकूट



**जयपुर**। श्री रंगीला महादेव मंदिर में रविवार को अन्नकूट महोत्सव आयोजित हुआ। यहां हजारों लोगों ने पंगत प्रसादी का आनंद लिया। इस दौरान रंगीला महादेव के जयकारों के साथ सभी भक्तगणों ने प्रसादी ग्रहण की। प्रसादी में मूंग, बाजारा, चावल, गट्टे की सब्जी, कड़ी व अन्य प्रसाद खिलाया गया। अन्नकूट उत्सव में मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ की विशेष झांकी सजाई गई। रंग-बिरंगी रोशनी से मंदिर परिसर जब जगमगाया तो ऐसा लगा मानो चांद-सितारे रंगीला महादेव पहाड़ी पर उतर आए हैं।

### 'विकसित भारत' डिजिटल क्विज़ शुरू



**जयपुर**। नेहरू युवा केंद्र संगठन के पश्चिम क्षेत्र के निदेशक डॉ भुवनेश जैन ने बताया कि विकसित भारत चैलेंज का लक्ष्य पूरे भारत से कम से कम 1 करोड़ युवाओं को जोड़ना है। इस चैलेंज का पहला चरण 25 नवंबर 2024 से 5 दिसंबर 2024 के बीच एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल क्विज़ के रूप में आयोजित होगा। यह क्विज़ भारत प्लेटफ़ॉर्म पर आयोजित किया जाएगा और 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के प्रतिभागी इसमें भाग ले सकते हैं। इस क्विज़ का उद्देश्य प्रतिभागियों के ज्ञान और भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों के प्रति उनकी जागरूकता को परखना है। डॉ जैन ने प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि देश में कम से कम 1 लाख युवा नेताओं का विकास किया जाए। यह प्लेटफ़ॉर्म युवाओं की नेतृत्व क्षमता, उनकी आवश्यकताओं और विकसित भारत के लक्ष्य में उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों को परिभाषित करने का अवसर प्रदान करेगा। भारतीय खेल प्राधिकरण, नेहरु युवा केंद्र एवं राष्टीय सेवा योजना द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक बैठक में उन्होंने बताया विकसित भारत चार-चरणीय प्रतियोगिता के पहले चरण के विजेता लगभग 10 चुने गए विषयों जैसे विकसित भारत के लिए तकनीक और विकसित भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना आदि पर निबंध या ब्लॉग प्रस्तुत करेंगे। यह प्रतियोगिता प्लेटफॉर्म पर आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रतिभागियों के विचार राष्ट्रीय विकास के प्रति उनकी सोच को परिलक्षित करेंगे।

### 10 हजार उद्यिमयों ने किया रजिस्ट्रेशन

**जयपुर**। प्रदेश में औद्योगिक माहौल बनाने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को साकार करने की जरूरत है क्योंकि जब भी कोई उद्यमी कोई नया उद्यम शुरू करता है, तो उसे कम से कम 20 से अधिक विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं और आखिरकार वो निवेश नहीं हो पाता। ये कहना है लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा का. वे आजराइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत 11 दिसंबर को आयोजित होने जा रहे एमएसएमई कॉन्क्लेव की तैयारियों के सिलसिले में लघु उद्योग भारती की कोर टीम की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। सेवा सदन, सहकार मार्ग स्थित संगठन के प्रदेश कार्यालय में रखी गई इस बैठक में ओझा ने कहा कि 20 लाख से अधिक के एमओयू अभी तक हो गए हैं और ये आंकडा और भी ऊपर जा सकता है, लेकिन अगर इसके आधे भी धरातल पर आकार लेते हैं, तो प्रदेश की इकोनॉमी एक ट्रिलियन तक पहुँच सकती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान के लिए काम करना जरूरी है। एमएसएमई कॉन्क्लेव के संयोजक महेंद्र मिश्रा ने जानकारी दी कि कॉन्क्लेवको लेकर उद्यिमयों में बहुत उत्साह है और अभी तक10 हजार से अधिक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं जो कि आयोजन स्थल की क्षमता से बहुत ज्यादा है।

# अवकाश के दिन सफाई जांचने निकले निगम आयुक्त

**जयपुर** (कासं)। ''राइजिंग राजस्थान'' को लेकर हैरिटेज निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने अवकाश के दिन भी रविवार को सफाई व्यवस्था और रंगरोगन का निरीक्षण किया। आयुक्त अरुण हसीजा ने दिल्ली रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, आमेर, जल महल, राम निवास बाग, ब्रह्मपुरी, ताल कटोरा, जय निवास उद्यान, गलता गेट क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मौके पर ही आयुक्त अरुण हसीजा ने निगम अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने निगम जोन उपायुक्त, स्वास्थ्य शाखा अधिकारी और इंजीनियरिंग विंग को सफाई व्यवस्था सुदृढ बनाने, ग्रीन वैली में सफाई करने के निर्देश दिए। जल महल की पाल पर हैरिटेज निगम के द्वारा किए गए कार्यों का निरीक्षण भी किया। आयुक्त अरुण हसीजा ने कहा, ''राइजिंग राजस्थान'' में मेहमानों को अतिथि देवो भव की झलक दिखेगी। जयपुर शहर एक ऐतिहासिक महत्व रखने वाला शहर है। देश-दुनिया से लोग शहर में स्थापित विरासत को झलक को देखने आते है। ऐसे में हैरिटेज निगम शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने में कसर नहीं छोड़ेगा। इसके लिए आमजन का भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली रोड शहर में प्रवेश का द्वार है। ऐसे में अतिथियों को प्रवेश के दौरान ही शहर की खूबसूरती का नजारा दिखना चाहिए। सभी जोन उपायुक्त और शाखा प्रभारी को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र में लगातार मॉनिटरिंग करें और जो भी कमी दिखें, उसे तुरंत ठीक कराएं। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवन कुमार वर्मा, उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, हवामहल उपायुक्त सीमा चौधरी और उद्यान उपायुक्त मोनिका सोनी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



हैरिटेज निगम कमिश्नर अरुण हसीजा ने रविवार को दिल्ली रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, आमेर, जल महल, राम निवास बाग, ब्रह्मपुरी, ताल कटोरा, जय निवास उद्यान, गलता गेट इलाकों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

## आर्मी में नौकरी लगाने का झांसा देकर 11.70 लाख रुपए हड़पे

**जयपुर**। मालपुरा गेट थाना इलाके में आर्मी में नौकरी लगाने का झांसा देकर 11.70 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पीड़ित से रिश्तेदार के बेटे ने आरोपित ठग अजय शर्मा से सम्पर्क कराया था और फिर आरोपी अजय शर्मा ने खुद की एमईएस (मिलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग सर्विस) में नौकरी बताई। इस पर आरोपी पर विश्वास हो गया। आरोपी ने ऑनलाइन 11.70 लाख रुपए 6 लड़कों की नौकरी लगाने की एवज में लिए। लेकिन न तो आज तक नौकरी लगी। न ही आरोपी ने पैसा लौटाया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित जगदीश प्रसाद ने मामला दर्ज करवाया है कि उसके रिश्देदार का बेटा महेश ने उसे बताया कि अजय शर्मा उसका जानकार है। वह अच्छा आदमी है। उसकी नौकरी आर्मी में नसीराबाद अजमेर में है। वह बच्चों की नौकरी लगा सकता है। इस पर अजय शर्मा के साथ पीड़ित जगदीश प्रसाद की फोन पर कई बार बात हुई। बातों में संतुष्ट होने पर पीड़ित जगदीश ने अपने रिश्तेदारों के बच्चों की नौकरी लगाने के लिए उनसे पैसा लिया। आरोपी को ऑनलाइन पैसा दिया। पिछले एक साल से आरोपी 15-20 दिन का बहाना लगाकर समय बढ़ा रहा है। पैसा देने के लिए मना नहीं करता, लेकिन देता भी नहीं हैं। आरोपी को कई बार फोन पर समझा दिया है, लेकिन वह सुनता नहीं और न ही पैसा देता है। आरोपी के पास दो फोन हैं। इसमें एक फोन वह बंद कर चुका हैं। अगर पुलिस समय पर एक्शन लेती है तो आरोपी पकड़ा जाएगा। उससे पैसा रिकवर हो सकता हैं।

## परिजनों ने पढ़ाई के लिए डांटा तो छात्र ने घर छोड़ा

■ गांधी नगर इलाके की घटना, परिजनों ने पुलिस थाने पहुंचकर रिपोर्ट दी

**जयपुर**। गांधी नगर इलाके में पढ़ाई को लेकर परिजनों के डांटने से गुस्से में एक स्कूली छात्र के घर छोड़कर भागने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि स्कूली छात्र बैग में दो जोड़ी कपड़े, और 600 रुपए लेकर घर से निकल गया। पुलिस घर छोड़कर भागे स्कूली छात्र की तलाश कर रही है।

एसआई प्रहलाद नारायण ने बताया कि कठुमर अलवर निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि वह परिवार के साथ गांधी नगर में रहता है। पति-पत्नी दोनों प्राइवेट नौकरी करते हैं। बच्चे स्कूल में पढ़ाई करते हैं। उनका पन्द्रह वर्षीय बेटा मालवीय नगर स्थित एक स्कूल में पढ़ाई करता है। जिसे पढ़ाई की बात को लेकर डांट दिया। डांटने के चलते वह गुस्से में घर छोड़कर भाग गया। घर से जाते समय बैग में दो जोड़ी कपड़े और 600 रुपए लेकर निकल गया। काफी ढूढने पर नहीं मिला। दोस्तों से पूछने पर पता चला कि वह उनसे उधार रुपए मांगने आया था। काफी तलाशने के बाद बैग में दो जोड़ी कपड़े ले जाने का पता चला। घर छोड़कर जाने का पता चलने पर परिजनों ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ स्कूली छात्र की तलाश कर रही है।



भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने उत्तरप्रदेश में बांदा पहुँच कर भाजपा राजस्थान के पूर्व संगठन महामंत्री एवं वर्तमान भाजपा तेलंगाना के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर की माताजी के निधन पर उनके आवास पर श्रद्धांजलि दी और शोक संवेदना व्यक्त की।

## चुनाव संपन्न

**जयपुर**। पानीपेच नेहरू नगर विकास समिति के द्विवार्षिक चुनाव रविवार को संपन्न हुए। नवनिर्वाचित प्रचार प्रसार मंत्री महेश सैनी ने बताया समिति के वर्ष 2024 से 2026 के चुनाव संपन्न हुए हैं। चुनाव अधिकारी महावीर प्रसाद कस्वा( एडवोकेट) ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा कर बताया कि अध्यक्ष पद पर ताराचंद गुप्ता, सचिव राजकुमार यादव,उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, सह सचिव महेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष राम शरण दुसाद, प्रचार प्रसार मंत्री महेश सैनी, कार्यकारिणी सदस्य पवन कुमार वर्मा, पदमचंद जैन, भंवर लाल अग्रवाल नियुक्त किए गए। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष संजीव सिरोलिया, पूर्व सचिव कौशल अत्रे, पूर्व कोषाध्यक्ष तोलाराम गट्टानी एवं नेहरू नगर स्थानीय निवासियों विष्णु बियानी, मनीष केडिया, कालीचरण शर्मा, अविनाश शर्मा,महेंद्र खंडेलवाल, संजय शर्मा, विनोद अग्रवाल मौजूद थे।

# कालवाड़ रोड पर चार मंजिला दो कॉम्पलेक्स सील किए जे.डी.ए. ने

## गोकुल नगर में जे.डी.ए. की बिना परमिशन दो भूखंड़ों की जमीन को जोड़कर बनाई जा रही थी अवैध इमारत

**जयपुर** (कासं)। कालवाड़ रोड स्थित गोकुल नगर में दो भूखंड़ों की जमीन को आपस में जोड़कर बनाये जा रहे 4 मंजिला अवैध कॉम्पलेक्स को जे.डी.ए. की प्रवर्तन टीम ने सील किया। उपमहानिरीक्षक कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि पृथ्वीराज नगर उत्तर क्षेत्र में कालवाड़ रोड स्थित गोकुल नगर में भूखंड संख्या सी-19 व 20 की जमीन पर बेसमेंट समेत 4 मंजिला अवैध कॉम्पलेक्स बनाया जा रहा था। भूखंड़ मालिक ने ना तो दोनों प्लॉट्स की जमीन का एकीकरण कराया और ना ही तय सेटबैक छोड़ा।

इसी तरह गोकुल नगर में ही भूखंड़ संख्या 25-26 की जमीन को भी आपस में जोड़कर ऐसा ही दूसरा कॉम्पलेक्स बनाया जा रहा था। दोनों भूखंड़ मालिकों को जेडीए प्रशासन ने गत दिनों नोटिस थमाया और अवैध निर्माण बंद करने के लिए पाबंद किया था। इसके बावजूद उन्होंने निर्माण कार्य नहीं रोका।

इस पर रविवार को सक्षम स्तर से अनुमति लेने के बाद जे.डी.ए. की प्रवर्तन टीम ने इन दोनों अवैध कॉम्पलेक्स को सील करने की कार्रवाई की। दोनों इमारतों के प्रवेश द्वारों व खिड़कियों में ईटों की दीवार चुनवाकर और सील व चपड़ी लगाकर पुख्ता सीलिंग कार्रवाई की गई। यह दोनों कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में हुई। इस दौरान जेडीए के साथ-साथ स्थानीय पुलिस थानों का जाप्ता भी मौजूद रहा।



## कचरे में मिला युवक का शव

**जयपुर**। रामगंज थाना इलाके में रविवार दोपहर नाले के पास कचरे में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस जांच में मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले है। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में अधिक शराब पीने से युवक की मौत होना मान रही है।

पुलिस ने बताया कि सुरजपोल स्थित वन विभाग की चौकी की तरफ नाले के पास लोग कचरे के ढेर में रविवार दोपहर को एक युवक की लाश पड़ी मिलने की सूचना मिली थी। लाश मिलने का पता चलने पर स्थानीय लोगों पुलिस को सूचना दी और पुलिस पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने सबूत जुटाने के साथ ही मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए। पहचान नहीं होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि युवक की उम्र करीब 40 साल है। मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले है। अधिक शराब पीने से उसकी मौत होना प्रतीत हो रही है। नशा ज्यादा होने के कारण वह कचरे में जैसे बैठा वैसे ही बैठा रह गया। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास में जुटी है।

## 80 लाख रुपए के चांदी के जेवर लेकर दुकानदार फरार

■ विश्वास में लेने के लिए आरोपी ने कई बार माल खरीदकर समय पर पैसे चुकाए

■ इस बार 98.60 किलो चांदी के जेवरात लेकर दुकान बंद करके फरार हो गया

**जयपुर** (कासं)। नाहरगढ़ इलाके में एक दुकानदार ज्वैलरी को विश्वास में लेकर उससे 80 लाख रुपए की चांदी लेकर फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी दुकान से ऑटो में ज्वैलरी लेकर जाता नजर आया है। पुलिस के अनुसार रामभवन सोनियो का मोहल्ला अजमेर निवासी निखिल सोनी ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पास घर पर जयपुर से रावण बंसल गया और उसने स्वयं को जेवरात का काम करना बताया। इसके बाद पीड़ित ने आरोपी की दुकान भी देखी।

विश्वास में लेने के लिए आरोपी ने उससे कई बार माल लिया और रुपए भी दिए। आखिर में आरोपी ने उससे 98.60 किलो चांदी के जेवरात ले लिए। इसके बाद 20 नवम्बर को आरोपी दुकान बंद कर फरार हो गया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी रावण बंसल ने राजा शिवदास जी का रास्ता में स्थित सन्नी प्लाजा में ज्वैलरी की दुकान खोल रखी थी। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कभी-कभी ही दुकान खोलता था। आरोपी ने ज्वैलर्स को विश्वास में लेने के लिए कई बार माल उठाकर रुपए दिए और ज्वैलरी को उसकी दुकान भी दिखाई। विश्वास होने पर ही ज्वैलर ने आरोपी को इतनी भारी मात्रा में चांदी के गहने दिए है।

आरोपी की दुकान व उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर सामने आया कि आरोपी एक बैग में चांदी की ज्वैलरी भरकर ऑटो से गया था।

घटना वाले दिन ऑटो आखिर में जामडोली में देखा गया है। आरोपी की धरपकड़ के लिए स्पेशल टीम जुटी है। फिलहाल आरोपी का सुराग नहीं लगा है।